एक नजर

विशाल भंडारे का आयोजन

कटरा शिवदयालगंज, गोंडा। पावन पर्व गोपाष्टमी के अवसर पर कटरा कुटी धाम स्थित कान्हा गौशाला में भव्य गौ-पूजन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच गौमाता का विधिवत पूजन-अर्चन कर उनकी आरती उतारी गई। इस अवसर पर गौ-संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेते हुए इसे सामाजिक जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ गौमाता के माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र अर्पित कर किया गया। धूप, नैवेद्य और आरती के साथ विधि-विधान से पूजन हुआ। इसके बाद गौशाला में मौजूद सभी गोवंशों को केला, गुड़, चना और लड्डू खिलाकर श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।गौमाता का संरक्षण सुरक्षित पर्यावरण और समृद्ध जीवन का आधारगौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कटरा कुटी धाम के पीठाधीश्वर स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि गौमाता मानव जीवन के लिए साक्षात वरदान हैं। मानव जीवन में गोवंश का महत्व पृथ्वी, आकाश, वायु, अग्नि और जल जैसे पंचतत्वों के समान है। गौमाता के बिना मानव जीवन और सुरक्षित पर्यावरण की कल्पना भी संभव नहीं है।उन्होंने कहा कि द्वापर युग में गोपाष्टमी के दिन ही भगवान श्रीकृष्ण ने गोचारण की सेवा प्रारंभ की थी। धार्मिक मान्यता के अनुसार, सायंकाल गोचारण से लौटती गायों के खुरों से उड़ने वाली धूल को मस्तक पर लगाने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत, दो दोस्त गंभीर

गोंडा। नवाबगंज क्षेत्र के जैतपुर गांव मे गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार एक किशोर की मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर मौके से फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अयोध्या भेजा गया है।जैतपुर गांव के मजरे खेमपुर निवासी ओमप्रकाश का सबसे छोटा बेटा अमरजीत रविवार रात अपने दोस्त सूरज और कमलेश के साथ बाइक से नवाबगंज बाजार गया था। रात करीब साढ़े नौ बजे तीनों पटपरगंज मार्ग से घर लौट रहे थे। सोनारन पुरवा कोठिया के पास सामने से आ रही गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे की सूचना पर पहुंचे परिवारीजन अमरजीत को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं, सूरज और कमलेश गंभीर हालत में मिले। दोनों को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अयोध्या भेजा गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर भाग निकला।**चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था अमरजीत**अमरजीत चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसकी बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। बड़ा भाई प्रमोद भी विवाहित है, जबकि उससे छोटा दीपराज अविवाहित है। परिवार पर दुखों का पहाड़ तब टूट पड़ा, जब पता चला कि प्रमोद चार दिन पहले ही काम की तलाश में पुणे गया था। भाई की मौत की खबर मिलते ही वह घर के लिए रवाना हो गया। बेटे की असमय मौत से मां संता देवी और अन्य परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।थानाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि बाइक पर सवार तीनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था।

आयोजित की विधानसभा स्तरीय कार्यशालाएं

गोण्डा। भारतीय जनता पार्टी की ओर से मतदाता जोड़ो अभियान-2026 के तहत विधानसभा स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन कर कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची में छूटे हुए मतदाताओं के नाम शामिल कराने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।विधानसभा मनकापुर के नवाबगंज में आयोजित कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने सहभागिता कर संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी विनय त्रिपाठी, मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री, अशोक पांडेय, मनीष द्विवेदी, विनय शर्मा, श्याम सुंदर मौर्य, मंडल अध्यक्षगण, शक्ति केंद्र संयोजक, सांसद प्रतिनिधि कमलेश पांडेय, पूर्व उपाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, वेद प्रकाश दुबे, ब्लॉक प्रमुख मनकापुर जगदेव चौधरी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह सहित बीएलए-1, बीएलए-2 एवं पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वहीं, विधानसभा गोण्डा की कार्यशाला गोनार्द लान में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय महामंत्री व जनपद प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संपर्क और संवाद के माध्यम से छूटे हुए मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल कराने का संकल्प लें। उन्होंने मंडल अध्यक्षों, प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से अभियान को गंभीरता से संचालित करने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने की। भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने कहा कि बूथ स्तर पर समर्पित होकर कार्य करना पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का दायित्व है। सभी कार्यकर्ता छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए प्रभावी प्रयास करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

घर से निकली विवाहिता का जंगल में पेड़ से लटका मिला शव

गोण्डा। मायके से दवा लेने की बात कहकर निकली 23 वर्षीय विवाहिता का शव मंगलवार को टिकरी जंगल के पास पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए। पुलिस प्रथम दृष्टया आत्महत्या की आशंका जता रही है, हालांकि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।जानकारी के अनुसार, मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के महादेवा गांव निवासी रत्तीराम राजभर की 23 वर्षीय पुत्री संगीता की शादी करीब दो वर्ष पूर्व कटहर बुटहनी गांव में हुई थी। उसके पति फिलहाल जम्मू-कश्मीर में रहते हैं। संगीता दो-तीन दिन पहले अपने मायके आई थी। मंगलवार सुबह वह मनकापुर बाजार से दवा लाने की बात कहकर घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान टिकरी जंगल के पास एक पेड़ से उसका शव लटका मिला।शव देखते ही परिजनों की चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाया। फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।कोतवाल टीपी सिंह ने बताया कि घटना प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही विवाहिता की मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

एन.आई. एक्ट की धारा-138 से संबंधित वादों के निस्तारण के लिए 21 नवम्बर को आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

बहराइच । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विनोद कुमार यादव ने बताया कि मा. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मा. कार्यपालक अध्यक्ष, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 21 नवम्बर 2026 को एन.आई. एक्ट की धारा-138 से संबंधित लम्बित वादों के निस्तारण हेतु जनपद न्यायालय, बहराइच में विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया गया है।

श्री यादव ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जिनका एन.आई. एक्ट की धारा-138 से संबंधित वाद न्यायालय में लम्बित हो, तो वह संबंधित न्यायालय में समय से आकर प्रार्थना-पत्र देकर अपने वाद निस्तारण कराते हुए इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं।

उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

बहराइच । जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा शासकीय कार्यहित में जनपद में कार्यरत उप जिलाधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप जिलाधिकारी सदर बहराइच अमन देओल को उप जिलाधिकारी कैसरगंज, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) मोनालिसा जौहरी को उप जिलाधिकारी सदर बहराइच, उप जिलाधिकारी कैसरगंज प्रशान्त कुमार नायक को उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) के पद पर तैनात किया गया है। जबकि नवागंतुक उप जिलाधिकारी आकाश कुमार को उप जिलाधिकारी (न्यायिक) कैसरगंज की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एमएलसी ने रोजगार मेले का किया शुभारंभ, 605 अभ्यर्थियों में 298 का प्राथमिक चयन



अम्बेडकरनगर। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला सेवायोजन कार्यालय एवं देव इंद्रावती पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ.हरिओम पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ.राना रणधीर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और ऐसे रोजगार मेले उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से इन अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियों एवं औद्योगिक संस्थानों ने प्रतिभाग किया। मेले में कुल 605 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कर अपने बायोडाटा के साथ साक्षात्कार प्रक्रिया में हिस्सा लिया जिसमें कंपनियों के प्रतिनिधियों ने योग्यता के आधार पर 298 युवाओं का प्राथमिक चयन किया। चयन की जानकारी मिलने पर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.बी सिंह ने की। उन्होंने युवाओं को अपनी योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार हासिल करने के लिए प्रेरित किया। राजकीय आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य चंद्रशेखर सिंह ने भी आयोजन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बीरबल शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों नियोजकों जिला सेवायोजन कार्यालय के अधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। रोजगार मेले को सफल बनाने में डॉ. साधना श्रीवास्तव डॉ.नीता मिश्रा डॉ. तेजभान मिश्रा डा.बलकरण यादव डॉ.मनोज सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

छूटे मतदाताओं से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं कार्यकर्ता -राहुल



गोंडा। छूटे हुए मतदाताओं से संपर्क और संवाद स्थापित कर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से जुटें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी से वंचित न रहे। यह आह्वान भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री एवं जनपद प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने सोमवार को गोनार्द लॉन में आयोजित 'मतदाता जोड़ो अभियान-26' के तहत विधानसभा गोंडा की कार्यशाला को संबोधित करते हुए किया।उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र मतदाताओं को जोड़ना सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए बूथ स्तर पर घर-घर संपर्क और संवाद स्थापित कर अभियान को प्रभावी बनाया जाए।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने की। भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे बूथ स्तर पर समर्पित होकर छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं, जिससे प्रदेश के आगामी चुनाव रूपी महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।जिला मीडिया प्रभारी विवेक मणि श्रीवास्तव ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से प्रदेश में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराए जाने हैं। कार्यशाला का संचालन थानेदार मिश्र ने किया, जबकि समापन विधानसभा प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने किया।इस अवसर पर झंझरी प्रमुख के प्रतिनिधि आशीष मिश्रा, वंदना गुप्ता, नीरज मौर्य, विशाल गुप्ता, रंजीत कश्यप, संतोष सिंह, सचिन कश्यप, प्रिंस चौरसिया, दीपक गुप्ता, आनंद पांडेय, उमेश शुक्ला, प्रदीप सिंह और अजीत श्रीवास्तव सहित विधानसभा क्षेत्र के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजस्थान में मारपीट में घायल युवक की जिला अस्पताल में मौत

उन्नाव। राजस्थान के भीलवाड़ा में साथियों से मारपीट में घायल हुए सफीपुर क्षेत्र के युवक की उन्नाव जिला अस्पताल में मौत हो गई। परिजन उसे एंबुलेंस से लेकर अस्पताल पहुंचे थे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी में रखवा दिया गया।सदर कोतवाली क्षेत्र के कुदूखेड़ा निवासी रवि के मुताबिक, उसकी बहन सरवती की शादी फरवरी में सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के नैनीखेड़ा निवासी किशन बहादुर (23) पुत्र मिश्रीलाल से हुई थी। किशन अगस्त में कन्नौज निवासी दोस्त रामजीवन के बुलाने पर मजदूरी करने राजस्थान के भीलवाड़ा गया था। आरोप है कि 12 नवंबर को शराब पीने को लेकर हुए विवाद में साथियों ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे भीलवाड़ा के राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। बाद में परिजन उसे उन्नाव ले आए। उधर, ससुराल पक्ष ने आरोप लगाया कि किशन का भाई उसे एंबुलेंस से लाने के बाद अस्पताल से चला गया।

मतदाता जागरूकता को लेकर निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



अम्बेडकरनगर। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व और मतदाता अधिकारों के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अंबेडकरनगर में स्वीप कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा व ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया मतदान के महत्व तथा मतदाताओं के अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई। निबंध प्रतियोगिता में छात्र.छात्राओं ने अपने विचारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निर्वाचन से जुड़े सवालों के जवाब देकर अपनी जानकारी का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्या कुसुम लता एवं उप प्रधानाचार्या पुष्प लता सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें प्रवक्ता प्रकृति वर्मा चेतना यादव और नीतू सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में लोकतांत्रिक चेतना विकसित करने के साथ उन्हें मतदान के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक.शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के जरिए विद्यार्थियों को लोकतंत्र में अपनी भूमिका और मतदान के महत्व को समझने का अवसर मिला।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान में सहयोग प्रदान करें राजनैतिक दल



बहराइच । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी अर्ह नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को आलेख्य प्रकाशित सूची उपलब्ध कराते हुए अपेक्षा की गयी कि सभी राजनैतिक दल बूथ लेबिल एजेन्ट्स की तैनाती कर सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, बहराइच को उपलब्ध करा दें ताकि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत समस्त अर्ह लोगों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराया जा सके।डीएम श्री पाण्डेय ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के लिए आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली के आलेख्य का प्रकाशन कर दिया गया गया है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर 2026 तक होगी। दावों और आपत्तियों का निपटारा 28 दिसम्बर 2026 तक किया जायेगा तथा 04 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। श्री पाण्डेय ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 21, 22, 28 व 29 नवम्बर 2026 विशेष अभियान तिथियां होंगी।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान की तिथियों पर जनपद के समस्त 2899 बीएलओ अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित होकर दावे तथा आपत्तियों प्राप्त करेंगे। विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद में 230 सेक्टर आफिसर, 34 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 07 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किये गये है। सन्दर्भित पुनरीक्षण में 16 दिसम्बर तक दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। विधान सभा निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को होगा।डीएम ने बताया कि प्रकाशित आलेख्य के अनुसार जनपद में मतदेय स्थलों की संख्या 2899 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 2252099 है जिसमें पुरुष मतदाता 1226051, महिला मतदाता 1026009 तथा अन्य श्रेणी के 39 मतदाता हैं। विधानसभावार निर्वाचन क्षेत्रों की बात की जाय तो 282-बलहा (अ.जा.) में मतदेय स्थलों की संख्या 400 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 316479 है जिसमें से पुरूष 174248, महिला 142228 जबकि अन्य की संख्या 3 है। 283-नानपारा में मतदेय स्थलों की संख्या 382 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 291622 है जिसमें से पुरूष 159549, महिला 132072 जबकि अन्य की संख्या 1 है।इसी प्रकार 284-मटेरा में मतदेय स्थलों की संख्या 395 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 309576 है जिसमें से पुरूष 168434, महिला 141142 जबकि अन्य की संख्या शून्य है। 285-महसी में मतदेय स्थलों की संख्या 379 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 3088039 है जिसमें से पुरूष 168596, महिला 139442 जबकि अन्य की संख्या 1 है। 286-बहराइच में मतदेय स्थलों की संख्या 444 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 328426 है जिसमें से पुरूष 175364, महिला 153041 जबकि अन्य की संख्या 21 है। 287-पयागपुर में मतदेय स्थलों की संख्या 455 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 356810 है जिसमें से पुरूष 193729, महिला 163075 जबकि अन्य की संख्या 6 है तथा 288-कैसरगंज में मतदेय स्थलों की संख्या 444 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 341147 है जिसमें से पुरूष 186131, महिला 155009 जबकि अन्य की संख्या 7 है।इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीतू रानी, एसडीएम तथा राजनैतिक दलों के पदाधिकारी बसपा मण्डल प्रभारी अशर्फी लाल गौतम, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा नन्हे लाल लोधी, कांग्रेस से जिला महासचिव हमजा शफीक, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जफर उल्खा खां (बन्टी), आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव अनुज कुमार पाठक व अपना दल (एस) से अध्यक्ष गिरीश कुमार पटेल मौजूद रहे।

एक नजर

रिश्वत मंगाने की शिकायत पर लेखपाल सस्पेंड

श्रावस्ती। नवागन्तुक जिलाधिकारी मनोज कुमार राय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में 'मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद% कार्यक्रम के तहत महिलाओं की शिकायतें सुनीं। जिसमें भूमि विवाद, अवैध कब्जे, पारिवारिक विवाद और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने से जुड़ी शिकायतें आईं। डीएम ने अधिकारियों को तय समय में शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।तहसील जमुनहा के मोहनपुर भरथा निवासी गंगाजली पत्नी कमलेश कुमार ने शिकायत की कि उनकी जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कब्जा परिवर्तन कराने के नाम पर हल्का लेखपाल रिश्वत मांग रहा है।डीएम ने शिकायत पर नाराजगी जताई और उपजिलाधिकारी जमुनहा को फोन कर तुरंत जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत सही मिलने पर लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जांच के बाद लेखपाल को सस्पेंड कर दिया गया।जनता दर्शन में जिलाधिकारी को 11 शिकायतें भी मिलीं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का समाधान सिर्फ कागजों पर न करें, बल्कि मौके पर जाकर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अपर पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली

श्रावस्ती। अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह ने आज रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने सामूहिक दौड़ लगाई और टोलीवार ड्रिल का अभ्यास किया।पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत रहने के लिए प्रेरित किया गया। ड्रिल के जरिए अनुशासन, एकरूपता और कार्यक्षमता बढ़ाने का अभ्यास कराया गया।चंद्रकेश सिंह ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने क्वार्टर गार्द और शस्त्रागार में हथियारों की सफाई और रखरखाव के निर्देश दिए।उन्होंने स्टोर में रजिस्टरों और सामान की जांच की और साफ-सफाई के निर्देश दिए। आदेश कक्ष में भी रजिस्टरों की जांच की गई।ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को अनुशासन और कर्तव्य के साथ काम करने को कहा गया। उन्हें नागरिकों की सुरक्षा और सेवा को प्राथमिकता देने तथा समय पर और कुशलता से जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए गए।

सड़क हादसे में युवक घायल

श्रावस्ती। इकौना थाना क्षेत्र के इटवरिया के पास सोमवार रात ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके साथ मौजूद दूसरा युवक भी घायल हुआ। गंभीर हालत में घायल युवक को जिला अस्पताल भिनगा से बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। एंबुलेंस कर्मियों ने रास्ते में उसकी देखरेख करते हुए उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।मिली जानकारी के अनुसार, इकौना थाना क्षेत्र के लालपुर खदरा निवासी समई राय (30) पुत्र राम उजागर सोमवार रात इकौना बाजार में पेंटिंग का काम करके बाइक से अपने घर लौट रहे थे। उनके साथ मुनावर (40) पुत्र नवाब अली भी मौजूद थे। दोनों भामे पारा-लालपुर मार्ग पर इटवरिया के पास पहुंचे थे, तभी सामने से डबल ट्रॉली जोड़कर आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि मोड़ पर ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया, जिससे यह हादसा हुआ।दुर्घटना में समई गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके हाथ और घुटने की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया। परिजन उन्हें अपने साधन से संयुक्त जिला अस्पताल भिनगा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बहराइच मेडिकल रिफर कर दिया।

तीन बार बदलवाई तहरीर, एसपी के हस्तक्षेप पर छात्रा बरामद

अम्बेडकरनगर। अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के पुलिसिया दावों के बीच आलापुर थाना क्षेत्र का एक मामला पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। आरोप है कि 15 वर्षीय आठवीं की छात्रा बीते 13 नवंबर को स्कूल जाने के लिए घर से निकली थीए लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर बहला.फुसलाकर उसे अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया। पीड़िता की मां का कहना है कि शिकायत लेकर थाने पहुंचने पर पुलिस ने उनकी मूल तहरीर स्वीकार करने के बजाय तीन बार बदलाव कराया और अपनी मर्जी के मुताबिक शिकायत लिखवाकर हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। आरोप है कि आरोपी पक्ष के परिजनों ने भी उनके साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी।थाने स्तर पर सुनवाई नहीं होने से परेशान पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह से मिलकर पूरे मामले की शिकायत की। एसपी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आलापुर पुलिस को कड़ी फटकार लगाई और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने लापता छात्रा को बरामद कर लिया और कथित आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। हालांकि पीड़िता की मां ने पुलिस पर अब छात्रा के बयान को लेकर भी दबाव बनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बयान दर्ज कराने के दौरान मनमाफिक बात कहलवाने का प्रयास किया जा रहा है।मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। यदि पीड़ित परिवार के आरोप सही हैं तो आखिर मूल तहरीर में बार.बार बदलाव क्यों कराया गया और घटना की गंभीरता के अनुरूप कार्रवाई क्यों नहीं हुए वहीं बरामद नाबालिग के बयान को लेकर लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच भी जरूरी है। अब देखना होगा कि पुलिस उच्चाधिकारी इन शिकायतों पर क्या कदम उठाते हैं और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए मामले में कितनी निष्पक्षता से विधिक कार्रवाई की जाती है।

बीएन इंटर कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यशाला विद्यार्थियों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

अम्बेडकरनगर। यातायात माह नवंबर.2026 के तहत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर में यातायात जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा के दौरान यातायात पुलिस टीम ने छात्र.छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों को बताया गया कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं बल्कि स्वयं और दूसरों के जीवन की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है।कार्यशाला में दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की जानकारी दी गई। साथ ही 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन नहीं चलाने और अभिभावकों को नाबालिग बच्चों को वाहन न देने की अपील की गई। विद्यार्थियों को जेब्रा क्रॉसिंग का इस्तेमाल करने सड़क पार करते समय दाएं.बाएं देखने तथा यातायात संकेतों का पालन करने की भी जानकारी दी गई।पुलिस टीम ने बताया कि तेज गति लापरवाही गलत दिशा में वाहन चलाना तथा हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करना सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। विद्यार्थियों से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने के साथ अपने परिजनों एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई। अम्बेडकरनगर पुलिस ने अभिभावकों से नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं देने तथा सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

एक वोट से बनती और बदलती है सरकार-डीएम

उन्नाव। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता बनना जरूरी है। एक-एक वोट सरकार बनाने और बदलने की ताकत रखता है। इसलिए 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा मतदाता सूची में अपना नाम जरूर दर्ज कराएं। यह बात जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मंगलवार को डायट में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2027 के शुभारंभ पर कही।

डीएम की अध्यक्षता और सदर विधायक पंकज गुप्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्